## एक नजर में

### सीए फाउंडेशन मई 2026 परीक्षा परिणाम घोषित, मंदसौर के 9 विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

**मन्दसौर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन मई 2026 परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम घोषित होने के उपरांत देशभर के अनेक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में अपने अगले कदम की ओर अग्रसर होने का अवसर प्राप्त किया। इस परीक्षा में कुल 46,798 पुरुष अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 9,769 अभ्यर्थी उत्तीर्ण रहे। वहीं 43,419 महिला अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 8,355 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। मंदसौर जिले से इस परीक्षा में कुल 45 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 9 अभ्यर्थियों ने सफलता अर्जित की। इस प्रकार उत्तीर्णता प्रतिशत 20.09 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की मंदसौर शाखा की ओर से सफल सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। शाखा के अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल ने सभी सफल अभ्यर्थियों को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके समर्पण एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी विद्यार्थी आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उक्त जानकारी शाखा अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई।

### मंदसौर में लायंस क्लब डायनेमिक द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित




**मंदसौर।** लायंस क्लब डायनेमिक द्वारा स्थानीय लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अशोक सोलंकी ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। उन्होंने शिविर में आए अनेक मरीजों की आँखों की गहन जाँच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। परीक्षण के दौरान गंभीर रूप से प्रभावित लगभग 20 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया, जिनका आगामी दिनों में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही क्लब ने सभी मरीजों को फल एवं बिस्किट के पैकेट भी वितरित किए गए।शुभारंभ क्लब अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी ने मरीजों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहने तथा समय-समय पर आँखों का परीक्षण कराने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन श्रीमती नीता सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में श्रीमती पुष्पा चेलावत,चंद्रकांता पुराणिक, उषा चौधरी एवं श्रीमती सीमा जैन सहित क्लब के अन्य सदस्यायें उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चित्रा मंडलोई ने किया तथा आभार क्लब सचिव श्रीमती रीता पारिख ने व्यक्त किया।

# नीट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ी, शिक्षा व्यवस्था पर कलंक

- प्रगतिशील लेखक संघ ने की मांग
- शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें

**मंदसौर। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई मंदसौर ने नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक, परीक्षा निरस्तीकरण और लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार कर तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है।**

प्रगतिशील लेखक संघ के राज्य सचिव मंडल के सदस्य असअद अंसारी ने कहा कि, 'जब परीक्षाएं ही भरोसेमंद न रहें तो युवाओं का लोकतंत्र और व्यवस्था से विश्वास उठना स्वाभाविक है। नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियाँ प्रशासनिक विफलता का प्रमाण हैं। शिक्षा को बाजार और भ्रष्टाचार के हवाले करने वाली नीतियों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को दाँव पर लगा दिया है। शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए तत्काल इस्तीफा दें और निष्पक्ष, पारदर्शी तथा जवाबदेह परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित की जाए। प्रलेसं के वरिष्ठ मार्गदर्शक कैलाश जोशी ने कहा के परीक्षाओं में धांधली के चलते 17 विद्यार्थियों ने आत्म हत्याएं की हैं इसकी नैतिक जवाबदारी शिक्षा मंत्री की है,आश्चर्य है शिक्षा मंत्री इस्तीफा क्यों नहीं देते।

प्रगतिशील लेखक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. स्वप्निल ओझा ने कहा, 'पेपर लीक और परीक्षा घोटाले केवल प्रशासनिक भूल नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों की सुनियोजित हत्या हैं। दोषियों को कठोर दंड देकर परीक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल किया जाना चाहिए। ' प्रगतिशील लेखक संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने कहा, 'जब मेहनत करने वाले छात्र असुरक्षित महसूस करें और माफ़िया सुरक्षित, तब शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगते हैं। सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती।' प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष एड. कीर्ति नारायण कश्यप ने कहा, 'लोकतंत्र में शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। लगातार हो रही विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और शिक्षा मंत्री को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।' इप्टा सचिव हूर बानो सैफी ने कहा, 'देश का युवा रोजगार और शिक्षा दोनों मोर्चों पर असुरक्षा का सामना कर रहा है। सरकार युवाओं के धैर्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करे।' प्रगतिशील लेखक संघ के सचिव ब्रजेश आर्य ने कहा, 'प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है। बार-बार की अव्यवस्था साबित करती है कि परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार अब टाले नहीं जा सकते।'




प्रगतिशील लेखक संघ ने मांग की कि नीट सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए, परीक्षा माफ़िया पर कठोर कार्रवाई हो तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी और जवाबदेह परीक्षा प्रणाली लागू की जाए। साथ ही संगठन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और लोकतांत्रिक शक्तियों से शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बचाने के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने कैलाश जोशी को जन्मदिन की बधाई दी। संचालन हूर बानो ने किया आभार माना पूजा ओझा ने।

### 'अनुराग' जनजागरण पदयात्रा कल, पदयात्रा निकालेंगे

**मन्दसौर।** जल संवर्धन, स्वच्छता, पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी । प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 5 जुलाई 2026, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे, गणपति चौक, जनकुपुरा, बड़ा चौक, धानमंडी, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड, जीवगंज, मन्दसौर क्षेत्र में भ्रमण करेगी । पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल -गणपति चौक, जनकूपुरा, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें ।

# सेफ क्लिक 2 .0 के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**मंदसौर। मध्यप्रदेश पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के अंतर्गत पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए साइबर अपराधों से बचाव एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग पर आकर्षक पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीणा ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा।




# युवाओं, किसानों और प्रदेश की जनता के मुद्दों पर कांग्रेस करेगी चरणबद्ध जनआंदोलन : गुर्जर

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेशभर में युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, उज्जैन भूमि प्रकरण, भ्रष्टाचार तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर चरणबद्ध जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन प्रदेश की जनता के अधिकारों की रक्षा, लोकतांत्रिक जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा जनविरोधी नीतियों के विरोध का अभियान है।

गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य लगातार संकट में डाला जा रहा है। नीट एवं सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े विवादों और विद्यार्थियों की शिकायतों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। प्रभावित विद्यार्थियों को समय पर न्याय नहीं मिला। कांग्रेस पार्टी प्रारंभ किए जा रहे 'छात्रों की गूंज' अभियान



के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों के बीच जाकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान प्रदेश का किसान भारी संकट से गुजर रहा है। किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। ।वहीं मूंग खरीदी में कोटा कम किए जाने और समर्थन मूल्य पर सीमित खरीदी के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस किसानों के इन मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक संघर्ष करेगी। गुर्जर ने कहा कि उज्जैन भूमि प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित तथ्यों के बाद प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्पष्ट जवाब चाहती है। यदि सरकार और मुख्यमंत्री निर्दोष हैं तो पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराकर सभी तथ्य सार्वजनिक किए जाने चाहिए। लोकतंत्र में जनता के सवालों का जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी है।

## नीमच

## एक नजर में

### पानी में डूबने से मृतक के आश्रित को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपखंड मनासा, सुश्री किरण आंजना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग-6(4) के प्रावधानों के तहत पानी में डूबने से मृत व्यक्ति के आश्रित को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम थनेड निवासी बापूसिंह पिता हिम्मतसिंह राजपूत की 26 फरवरी 2026 को गांधी सागर डूब क्षेत्र में पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।इस दुखद घटना के उपरांत मृतक के वैधानिक वारिस हिम्मतसिंह पिता बहादुरसिंह को शासन के नियमानुसार 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।उल्लेखनीय है, कि तहसीलदार रामपुरा द्वारा प्रकरण तैयार कर आवश्यक परीक्षण एवं अनुशंसा के साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनासा को प्रस्तुत किया गया था, जिसके आधार पर आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

### 1 किलो 660 ग्राम अवैध अफीम बरामद, मनासा पुलिस के हत्थे चढ़ा महाराष्ट्र का आरोपी



**मनासा।** प्रदेशव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मनासा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 660 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की अनुमानित कीमत करीब 2 .30 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल एवं एसडीओपी शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निलेश अवस्थी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर मनासा-रामपुरा मार्ग स्थित बालाजी मंदिर के सामने आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके बैग से 1 किलो 660 ग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवा उर्फ शिवलाल विश्नोई (30), निवासी चालीसगांव चोपुरी, जिला धुलिया (महाराष्ट्र) के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस उस व्यक्ति की भी तलाश कर रही है, जिसने आरोपी को अफीम उपलब्ध कराई थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निलेश अवस्थी, उपनिरीक्षक तेजसिंह सिसोदिया, प्रधान आरक्षक अकीब मेव, मनोहर बैरागी तथा आरक्षक दशरथ जाटव, प्रकाश कोडावत, कमल गुर्जर और विनोद भाटी की सराहनीय भूमिका रही।

# जमीन विवाद में हमला, खून से लथपथ कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित

- अधिकारियों के उड़े होश; राजस्व अमले के सामने बरसी लाठियां

**नीमच।जिले की नीमच तहसील के ग्राम अड़मालिया में शुक्रवार को जमीन विवाद उस समय हिंसक संघर्ष में बदल गया, जब राजस्व विभाग की टीम नक्शा दुरुस्ती की कार्रवाई कर रही थी। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान दो पक्षों में विवाद बढ़ गया और एक पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।**



घटना के बाद सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि गंभीर रूप से घायल लोग इलाज के लिए सीधे अस्पताल नहीं पहुंचे, बल्कि खून से लथपथ हालत में न्याय की गुहार लगाने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच गए। कलेक्ट्रेट परिसर में घायल लोगों को इस हालत में देखकर अधिकारियों, कर्मचारियों और वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घायल पक्ष के अनुसार राजस्व विभाग की टीम गिरदावर, पटवारी और चौकीदार के साथ गांव में नक्शा दुरुस्ती की कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इसी दौरान पड़ोसी खेत के निलेश, गजेंद्र, रमेश तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य मौके पर आ गए। आरोप है कि कहासुनी के बाद राजस्व अमले की मौजूदगी में ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया।

हमले में जगदीशदास पिता रामदास, बालकदास पिता जगदीशदास और धानसुख पिता बालकदास गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि परिवार के दो अन्य सदस्यों को भी चोटें आई हैं। पीड़ितों का आरोप है कि उनके साथ जानलेवा हमला किया गया।

कलेक्टर कार्यालय में सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के पायलट रशेंद्र पटीदार और ईएमटी प्रतिमा लोकेश ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और बाद में जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

घायल पक्ष ने पड़ोसी खेत के निलेश, गजेंद्र, रमेश सहित अन्य लोगों पर हमले का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था और नक्शा दुरुस्ती के दौरान यह विवाद हिंसक रूप ले बैठा। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर सक्रिय हो गई।

# घर में अवैध अफीम रखने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा अपने घर में तस्करी हेतु 3 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ रखने वाले तीन आरोपी सत्यनारायण पिता मेघराज पाटीदार, उम्र-50 वर्ष, निवासी-ग्राम सावन, जिला नीमच को धारा 8(सी)/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्बताया कि घटना दिनांक 22.07.2020 को सुबह के 7 से 9 बजे की के बीच ग्राम सावन स्थित आरोपी के मकान के बाड़े की हैं। कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी ने उसके रिहायशी मकान में 3-4 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम तस्करी हेतु रखा हुवा हैं। निवारक दल का गठन कर मुखबीर द्वारा बताये स्थान ग्राम सावन स्थित आरोपी के रिहायशी मकान में जाकर उसकी तलाशी लिये जाने पर मकान के बाड़े में भूंसे का ढेर पर बोरीया रखी हुई थी, जिसमें एक सफेद प्लास्टीक की थैली में 3 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम तस्करी किये जाने हेतु रखी हुई थी। घटनास्थल से अफीम को जप्त किया गया अनुसंधान उपरांत परिवाद माननीय विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया। सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर आरोपी द्वारा उसके घर में अवैध मादक पदार्थ अफीम तस्करी हेतु रखे जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुए दंडित किया।

# जाजू कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का तृतीय दिवस संपन्न

**नीमच। श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में दीक्षारंभ समारोह का तृतीय दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी प्राध्यापकों ने नवप्रवेशित छात्राओं को एनएसएस, एनसीसी, खेल गतिविधियों, छात्रवृत्ति योजनाओं एवं संगीत विषय की उपयोगी जानकारी दी।महाविद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं खुशी मेहरा एवं लकी पारवानी ने एनएसएस और एनसीसी के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। उनके अनुभवों से प्रेरित होकर कई छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने तथा हर परिस्थिति में प्रसन्न रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच से कार्यकुशलता बढ़ती है और सफलता प्राप्त होती है।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. संजय बिजोलिया ने किया। समापन अवसर पर एनसीसी कैडेट छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं नवप्रवेशित छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### मसाला उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बनीं राधा यादव

# संत रविदास स्वरोजगार योजना से मिली नई पहचान

**नीमच। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसका प्रेरणादायी उदाहरण नीमच सिटी के वार्ड क्रमांक 5 निवासी राधा यादव हैं, जिन्होंने मध्यप्रदेश शासन की संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेकर अपना मसाला उद्योग स्थापित किया और आज आत्मनिर्भर जीवन जी रही है।**

राधा यादव को जिला अंत्यावसायी कार्यालय, नीमच के माध्यम से संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत यूको बैंक, नीमच शाखा से 2 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस आर्थिक सहायता से उन्होंने अपने घर पर लघु मसाला उद्योग की शुरुआत की। आज उनका उद्योग सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और वे प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रुपये की नियमित आय अर्जित कर रही हैं।राधा बताती हैं कि पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिससे घर का खर्च चलाना और बच्चों की शिक्षा जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन था। लेकिन स्वरोजगार शुरू होने के बाद परिवार की आय में निरंतर वृद्धि हुई है। अब वे अपने बच्चों की शिक्षा, परिवार की जरूरतों तथा भविष्य की बचत पर भी ध्यान दे पा रही हैं।

